भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या. *156
दिनांक 08.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति

***156. श्री राम नाथ ठाकुरः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की प्रत्येक घर में नल के माध्यम से जल की आपूर्ति करके देश के सभी व्यक्तियों को स्वच्छ पेयजल प्रदान कराये जाने की कोई योजनाएं हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इसके लिए कोई समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किया है;

(ग) क्या इस व्यापक और महत्वाकांक्षी योजना का कार्यान्वयन करते समय उन क्षेत्रों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी जहां पर भू-जल खतरनाक रसायनों से संदूषित हो चुका है; और

(घ) इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कितनी धनराशि की आवश्यकता होगी और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान इस शीर्ष के अंतर्गत कितनी धनराशि पृथक रूप से निर्धारित की गई है?

उत्तर
जल शक्ति मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

<u>दिनांक 08.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *156 के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>

(क) से (घ) जैसा कि संघ बजट भाषण 2019-20 में घोषणा की गई थी, जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को हर घर जल (नल जल आपूर्ति) सुनिश्चित करने की परिकल्पना की गई है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत यह कार्यक्रम वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण और कृषि में पुनः उपयोग किए जाने हेतु घरेलू अपशिष्ट जल के प्रबंधन जैसे स्रोत स्थायित्व के लिए स्थानीय आधारभूत अवसंरचना के निर्माण सहित स्थानीय स्तर पर जल की एकीकृत मांग एवं आपूर्ति पक्ष के प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित करेगा। **जल जीवन मिशन** देश भर में स्थायी जल आपूर्ति प्रबंधन के अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अन्य केन्द्रीय एवं राज्य सरकारी स्कीमों के साथ तालमेल करेगा। इस मिशन के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 में 10000.66 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है।

******